प्रेसनोट दिनांक 10.01.2025
थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली।

थाना बिथरी चैनपुर #bareillypolice द्वारा मुठभेड़ के दौरान छिनैती व लूट की घटना के अभियोगों में वांछित 02 शातिर अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार। एक अभियुक्त पैर में गोली लगने से घायल। मौके से 01 तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 मो0सा0 व 6800 रूपये बरामद।

दिनांक 05.12.2024 को वादी श्री राविन्द्र कुमार पुत्र ओमप्रकाश सिंह निवासी ग्राम सिमरा अजूबा बेगम थाना बिथरी चैनपुर, बरेली की तहरीरी सूचना कि दिनांक 04.12.2024 को वादी अपनी पत्नी के साथ शादी में जाते समय कंथरिया बीसलपुर रोड़ पर तीन अज्ञात बाइक सवार व्यक्तियों द्वारा वादी की पत्नी का पर्स छीन लेने जिसमें एक मोबाइल फोन व एक चैन व सोने का कुण्डल था, के सम्बन्ध में थाना बिथरी चैनपुर, बरेली पर मु0अ0सं0 696/24 धारा 304(2) बीएनएस बनाम अज्ञात के पंजीकृत कराया गया। उक्त घटना में सम्मिलित/वांछित अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी।

थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्रांतर्गत लूट/चोरी/नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु उच्चाधिकारियों द्वारा प्रभारी निरीक्षक बिथरी चैनपुर के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया था। आज दिनांक 10.01.2025 को थाना बिथरी चैनपुर पर मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि जिन लोगों ने कंथरिया बीसलपुर रोड़ पर लूट की घटना को अंजाम दिया है, भीमपुर गौटिया के पास हैं, जो अभी बिथरी पुल के पास से गुजरे हैं। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक बिथरी चैनपुर मय पुलिस टीम द्वारा भीमपुर गौटिया के पास दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के प्रयास के दौरान अभियुक्त द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया, जिसमें का0 3820 आकाश कुमार घायल हुआ। पुलिस पार्टी द्वारा अपने बचाव में आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में अभियुक्त 1. प्रमोद उर्फ पकौडी पुत्र प्रताप सिहं निवासी ग्राम पूरनापुर थाना बिथरी चैनपुर जिला बरेली के बायें पैर में गोली लगी है, जिसके कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर मय एक खोखा कारतूस 315 बोर नाल में फसा हुआ, एक जिन्दा कारतूस 315 बोर, 3200 रूपये बरामद हुए तथा अभियुक्त 2. रोहताश पुत्र कालीचरण निवासी ग्राम पूरनापुर थाना बिथरी चैनपुर जिला बरेली के कब्जे से 3600 रूपये बरामद हुए। घायल अभियुक्त प्रमोद उर्फ पकौड़ी उपरोक्त व घायल का0 3820 आकाश कुमार सीएचसी बिथरी चैनपुर बरेली में उपचाराधीन है तथा इलाज के दौरान स्थिति संतोषजनक हैं। पुलिस मुठभेड़ व अवैध शस्त्र बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बिथरी चैनपुर, बरेली पर उपरोक्त मुकदमें में धारा 109/3(5)/317(2) बीएनएस 3/25/27 ए एक्ट की बढ़ौत्तरी की गयी है। उपरोक्त दोनों लूटेरों द्वारा अपने अन्य साथी पवन के साथ दिनांक 05.12.2024 कन्थरिया मोड़ थाना बिथरी चैनपुर, बरेली क्षेत्र में हुई छिनैती की घटना स्वीकार की है। अन्य विस्तृत पूछताछ व विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है।

गिफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

1. **अभियुक्त प्रमोद उर्फ पकौड़ी उपरोक्त का आपराधिक इतिहास**-

1.मु0अ0सं0 892/16 धारा 356/379 भादवि थाना बारादरी, बरेली।
2.मु0अ0सं0 291/17धारा 356 भादवि थाना प्रेमनगर, बरेली।
3.मु0अ0सं0 319/17 धारा 411/412/414 भादवि थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
4.मु0अ0सं0 898/17 धारा 356/379 भादवि थाना इज्जतनगर, बरेली।
5.मु0अ0सं0 1059/18 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना इज्जतनगर, बरेली।
6.मु0अ0सं0 307/19 धारा 147/148/352/504/506 भादवि थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
7.मु0अ0सं0 427/20 धारा 363/366 भादवि थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
8.मु0अ0सं0 435/20 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
9.मु0अ0सं0 286/23 धारा 147/148/149/341/307 भादवि थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
10.मु0अ0सं0 317/23 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
11.मु0अ0सं0 696/24 धारा 304(2)/109/3(5)/317(2) बीएनएस 3/25/27 ए एक्ट थाना बिथरी चैनपुर,

2. **अभियुक्त रोहताश उपरोक्त का आपराधिक इतिहास**-

1-मु0अ0सं0 03/13 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
2-मु0अ0सं0 133/15 13 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
3-मु0अ0सं0 243/15 धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
4-मु0अ0सं0 1289/18 धारा 307,394 भादवि थाना बारादरी, बरेली।
5-मु0अ0सं0 29/19 धारा 307 भादवि थाना भुता, बरेली।
6-मु0अ0सं0 227/19 धारा 307 भादवि थाना भुता, बरेली।
7-मु0अ0सं0 228/19 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना भुता, बरेली।
8-मु0अ0सं0 198/21 धारा 323,504,506,352 भादवि थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
9- मु0अ0सं0 199/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
10-मु0अ0सं0 696/24 धारा 304(2)/109/3(5)/317(2) बीएनएस 3/25/27 ए एक्ट थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।

<u>बरामदगी-</u>

01 तमंचा 315 बोर,
01 खोखा कारतूस 315 बोर,
01 जिन्दा कारतूस 315 बोर,
01 मो0सा0 व 6800 रूपये
01 मो0 सा0 स्पैलण्डर सिलवर कलर न0 UP 31 H 3519

<u>पुलिस टीम</u> -

1-प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
2-निरीक्षक अपराध श्री वेद सिंह थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
3-व0उ0नि0देवेन्द्र सिंह थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
4.उ0नि0 पवन कुमार शर्मा थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
5.उ0नि0 शंशाक सिंह थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
6.उ0नि0 सर्वेश सिंह थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
7.हे0का0 तिरमल सिंह थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
8.का0 3820 आकाश थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।